वर्ष: 01 अंक: 03

एक कदम पारदर्शिता की ओर

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

न्यूजलेटर - जुलाई - 2021



## National Commission For Scheduled Castes

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi-110 003

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
## न्यूजलेटर

**संपादक**
राजेश रंजन सिंह

ई–मेल : singh.rr9@gmail.com
@srajeshranjan

इस वर्ष हम आजादी के 75वें साल का जश्न मना रहे हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्रकाशित न्यूजलेटर का यह तीसरा अंक भी स्वतंत्रता दिवस को समर्पित है। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर मानते थे कि वास्तविक स्वतंत्रता केवल वहीं पर होती है जहां शोषण का समूल नाश कर दिया गया हो, जहां एक वर्ग द्वारा दूसरे वर्ग पर अत्याचार नहीं किए जाते हों। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भी अपने इस न्यूजेलेटर के माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचाना चाहता है कि आयोग अनुसूचित जाति के लोगों के साथ न्याय कर उन्हें सामाजिक स्वतंत्रता और न्याय दिलाने के लिए भरसक प्रसास कर रहा है।

75वें स्वतंत्रता दिवस पर आप सभी को बहुत–बहुत बधाई और ढेर सारी शुभकामनाएं!

**धन्यवाद!** संपादक

**किसी भी प्रकार के सुझाव और शिकायतों के लिये संपर्क करें:**
**011 - 24620435 & 24606802**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
**भारत सरकार**

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi - 110003

**website: http://ncsc.nic.in**

ऑनलाइन शिकायत यहां दर्ज करें:
**https://ncsc.negd.in/**

## National Commission for Scheduled Castes



SHRI VIJAY SAMPLA
CHAIRMAN




SHRI ARUN HALDER
VICE-CHAIRMAN



DR. ANJU BALA
MEMBER




SHRI SUBHASH RAMNATH
PARDHI, MEMBER




@NCSC_GoI @NCSC.GoI @ncsc_goi

# माननीय अध्यक्ष का सन्देश



## विजय सांपला

अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,
भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा न्यूजलेटर का तीसरा अंक प्रकाशित प्रकाशित किया जा रहा है। काफी हर्ष का विषय है कि आयोग का तीसरा न्यूजलेटर ऐसे समय में प्रकाशित किया जा रहा है जब देश की आजादी को 74 साल पूरे हो रहे हैं और हम 75वें साल में प्रवेश कर रहे हैं।

लेकिन हमारे भारतीय समाज की विडंबना ही है कि अब भी अनुसूचित जाति वर्ग समाज में मौजूद भेदभाव और बराबरी के लिए संघर्ष कर रहा है। अनुसूचित जाति के लोग अभी भी भारत के गांवों में ही नहीं बल्कि शहरों में भी कई तरह के बहिष्कारों का सामना करने को मजबूर हैं।

हाल ही में आयोग के समक्ष आए मामलों से यह साबित होता है कि स्वतंत्रता के 74 साल बाद भी अनुसूचित जाति के लोगों के साथ असमानता, अन्याय और भेदभाव वाला व्यवहार हो रहा है. धारा 335 के तहत उन्हें सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में प्रतिनिधित्व दिया गया। उन्हें शैक्षणिक संस्थानों में दाख़िला लेने में भी छूट दी गई। फिर भी सामाजिक रूप से प्रताड़ना झेलने के अलावा अनुसूचित जाति के लोगों को सरकारी संस्थानों में भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है।

बाबा साहब ने अनुसूचित जाति के लोगों में एक नया विश्वास पैदा किया था। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भी बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलते हुए वंचित तबकों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता व वचनबद्धता को निभाने की कोशिश में लगा हुआ है।

आप सबको, 75वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए आप सभी के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुन्दर भविष्य की कामना करता हूं।

जय हिंद !

सादर धन्यवाद

**विजय सांपला**
@thevijaysampla




## विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ सामाजिक मुद्दों पर चर्चा

विभिन्न विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति के प्राध्यापकों का एक शिष्टमंडल राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री विजय सांपला से मिला। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान पर आयोग के उपाध्यक्ष श्री अरुण हालदार भी उपस्थित रहे। इस आयोग के माननीय अध्यक्ष की प्राध्यापकों के शिष्टमंडल के साथ कई सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।




# कर्नाटक बैंक स्टेट ऑफिस का निरीक्षण

आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री अरूण हालदार जी ने जुलाई माह की शुरूआत में कर्नाटक राज्य का तीन दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री श्री गोविंद करजोल से मुलाक़ात की। साथ ही कर्नाटक बैंक के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर स्टेट ऑफिस का निरीक्षण किया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग, कर्नाटक सरकार के अधिकारी भी मौजूद रहे।



## विभागीय योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय सदस्या डॉ अन्जू बाला जी ने दिनांक 11.07.2021 को गोरखपुर मण्डल के समस्त जिला समाज अधिकारियों से अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संचालित विभागीय योजनाओं की प्रगति विवरण पर समीक्षा बैठक की।



## अनुसूचित जाति के मुद्दो पर लेकर समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हालदार ने अपने चेन्नई दौरे के दौरान इंडियन बैंक की मैनेजिंग डायरेक्टर पद्मजा चुंदुरू सहित बैंक के तमाम सीनियर अधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति के मुद्दों और अधिकारों को लेकर समीक्षा बैठक की।

# जनसुनवाई

## पुराने मामले निपटाए

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी जी ने आयोग के नई दिल्ली कार्यालय में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की समस्याओं से अवगत होकर शिकायती पत्रों पर संज्ञान लेते हुए न्यायोचित कार्यवाही कर निस्तारण किया।






## रेलवे से संबंधित मामले की सुनवाई

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हालदार ने सुरेंद्र कुमार एक्स टेक्नीशियन भारतीय रेलवे (कार्यमुक्ति) के मामले में सुनवाई की। इस दौरान एडीआरएम, रेलवे (दिल्ली डिवीजन), डीपीओ, एपीओ सहित कमीशन के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## जन समस्याएं सुनी एवं शिकायती पत्रों पर लिया संज्ञान

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य माननीय श्री सुभाष रामनाथ पारधी जी ने आयोग के नई दिल्ली कार्यालय पर जन समस्याएं सुनी एवं शिकायती पत्रों पर संज्ञान लेते हुए न्यायोचित कार्यवाही कर निस्तारण किया।





## विचाराधीन मामलों का समाधान

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजु बाला जी ने आयोग के नई दिल्ली कार्यालय में एयर इंडिया के सीएमडी और डायरेक्टर (पर्सनल) को तलब किया एवं विचाराधीन मामलों के समाधान करने हेतु चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी किया।



## संज्ञान

# बटाला में फायरिंग से चार लोगों की मौत

पंजाब के गुरदासपुर जिले के बलड़वाल गांव में एक व्यक्ति ने अपने खिलाफ पंचायत चुनाव व राशन डिपो का आवेदन करने की रंजिश में एक ही परिवार के छह लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया लेकिन मुख्य आरोपी फरार था। इससे नाराज परिजनों ने घुमान चौक पर चारों शवों को रखकर विरोध प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष ने ट्वीटर पर जैसे ही इस दिल दहला देने वाली घटना के बारे में जाना, उन्होंने लिखा कि बहुत ही दुखदाई घटना घटी है जिसमें गांव बलड़वाल, पुलिस ज़िला बटाला (गुरदासपुर) में दलित परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। उन्होंने पंजाब पुलिस के डीजीपी. बटाला पुलिस से तुरंत ही कार्रवाई की रिपोर्ट लेकर आयोग के समक्ष पेश करने का निर्देश जारी किया।



# कानपुर में दलित युवक के साथ हुई बर्बरता पर नोटिस जारी

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में दलित युवक को दी गई अमानवीय यातनाएं पर अध्यक्ष विजय सांपला के आदेशों पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर तुरंत जवाब मांगा। आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी और कानपुर देहात के डीएम व एसएसपी को भी नोटिस जारी कर मामले में जांच कर एक्शन टेकन रिपोर्ट आयोग के समक्ष भेजने का निर्देश दिया।

आयोग को मिली जानकारी के मुताबिक अकबरपुर क्षेत्र के एक गांव में युवती से मिलने पहुंचे दलित युवक को परिजनों और ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर डंडे से जमकर पीटा और साथ ही तख्त पर लेटाकर भी उसे बेरहमी से पीटा। इसके बाद भी अमानवीयता दिखाते हुए डंडे से युवक के गुप्तांग पर वार किया गया। पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ।

# संवेदनशील मामले में आयोग की सख्ती

राष्ट्रीय अनुसूचति जाति आयोग ने हरियाणा के रेवाड़ी में 10 वर्षीय बच्ची से सात लड़कों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म के मामले में हरियाणा के मुख्य सचिव और डीजीपी को तुरंत एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने को कहा। आयोग के माननीय अध्यक्ष विजय सांपला के आदेश पर भेजे गए रिमाइंडर नोटिस में अधिकारियों को 30 जुलाई तक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। आयोग द्वारा इससे पहले भी 24 जून को 15 दिन का नोटिस और 12 जुलाई को 7 दिन का रिमाइंडर नोटिस भेजा गया था। बावजूद इसके दोनों जिला अधिकारियों ने इस मामले की एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश नहीं की। इस पर नाराजगी जताते हुए आयोग ने संवेदनशील मामले को देखते हुए मुख्य सचिव व डीजीपी रिपोर्ट मांगी गई है।

# जम्मूः सार्वजनिक कुएं से पानी भरने पर दलित परिवार की पिटाई



जम्मू–कश्मीर के ऊधमपुर जिले में ऊंची जातियों के लोगों द्वारा एक दलित परिवार की पिटाई करने का आरोप वाली खबरें सोशल मीडिया पर चली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चूंकि क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं थी, ऐसे में परिवार की महिलाएं सार्वजनिक कुएं से पानी भरने चली गईं। वहां उनके ऊपर जातिगत टिप्पणियां और उनके साथ गाली–गलौज की घटना घटी।

आरोप था कि पानी नहीं भरने दिया गया। उनसे जबरदस्ती पानी की बाल्टी छीन ली गई। इतना ही नहीं, रात 11 बजे के आसपास, 15 आदमी लाठी–डंडों के साथ जबरदस्ती उनके घर में घुसे और उन्होंने सभी लोगों की पिटाई भी की। इस घटना की रिपोर्टिंग के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने सभी संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी। आयोग के अध्यक्ष माननीय श्री विजय़ सांपला ने खुद इस मामले को शर्मनाक करार दिया और जम्मू पुलिस के डीजीपी से रिपोर्ट मांगी।

# पेड़ से बांधकर दलित की पिटाई व गुप्तांगों पर प्रहार–राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार को जारी किया नोटिस!

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के जिला कानपुर देहात के अंतर्गत आते अकबरपुर क्षेत्र के एक गांव में एक दलित को न सिर्फ पेड़ से बांधकर पीटा गया, बल्कि उसे अमानवीय यातनाएं भी दी गई, इसका सख्त संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने अपने चेयरमैन विजय सांपला के आदेशों पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर तुरंत जवाब मांगा है। सोशल मीडिया (टिवट्र) के माध्यम से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को मिली शिकायत अनुसार जिला कानपुर देहात के रहने वाले एक दलित युवा को पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई की गई तथा उसके गुप्तांग पर डंडे से चोटें पहुंचाई गईं। आयोग को प्राप्त सूचना के अनुसार अकबरपुर क्षेत्र के एक गांव में युवती से मिलने पहुंचे प्रेमी को स्वजन व ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसे पेड़ में गमछे से बांध दिया और डंडे से जमकर मारा, साथ ही तख्त पर भी लेटाकर पीटा। डंडे से उसके गुप्तांग पर वार किया गया। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने उत्तरप्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, उत्तरप्रदेश पुलिस के डीजीपी एवं कानपुर देहात के डीएम व एसएसपी को नोटिस जारी किया है। आरोपों/मामले में जांच कर एक्शन टेकन रिपोर्ट आयोग के समक्ष तुरंत फैक्स द्वारा या फिर ई-मेल द्वारा भेजने का निर्देश दिया है। सांपला ने

**● उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, डीजीपी व कानपुर देहात के डीएम व एसएसपी से तुरंत मांग जवाब!**

**● पेड़ से बांधकर दलित की पिटाई व गुप्तांगों पर प्रहार- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने यूपी के मुख्य सचिव, डीजीपी व कानपुर देहात के डीएम व एसएसपी से तुरंत मांग जवाब!**

कहा कि भारत के अनुसूचित वर्ग को देश के संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों को सुनिश्चित करना आयोग के चेयरमैन के नाते मेरा कर्तव्य है। सांपला ने आखिर में चेतावनी देते हुए कहा कि जिन अफसरों को आयोग ने नोटिस जारी किया गया है अगर उन्होंने तुरंत जवाब नहीं दिया तो आयोग संविधान की धारा 338 के तहत मिली सिवल कोर्ट की पावर का उपयोग करते हुए संबंधित अफसरों को व्यक्तिगत तौर आयोग के आगे हाजिर होने के सम्मन जारी जारी करेगा।

**पब्लिक वार्ता** दिल्ली, रविवार 11 जुलाई 2021

HEADLINES STATE BHARAT INTERNATIONAL SITARA GALLERY VIDEO CRIME CHAMPION BUSINESS SCIENCE & TECH

ETV Bharat National

HOME / STATE / UTTAR PRADESH / NOTICE TO UP GOVT OVER BRUTAL ASSAULT ON DALIT YOUTH

## Notice to UP govt over brutal assault on Dalit youth

Published on: Jul 10, 2021, 9:09 PM IST

Taking cognizance of an incident where a Dalit youth was brutally beaten up after being tied to a tree, the National Commission for Scheduled Castes has sent a notice to the Uttar Pradesh government.

**New Delhi:** The National Commission for Scheduled Castes (NCSC) has sent a notice to the Uttar Pradesh government, taking into cognizance an incident in which a Dalit youth was brutally beaten up after being tied to a tree. The incident was reported from the Akbarpur area of Kanpur Dehat district. The NCSC has issued notice to the Uttar Pradesh Chief Secretary, DGP, and DM and SSP of Kanpur Dehat.

# पेड़ से बांधकर दलित की पिटाई व गुप्तांगों पर प्रहार

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने यूपी के मुख्य सचिव, डीजीपी व कानपुर देहात के डीएम व एसएसपी से तुरंत मांगा जवाब**

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जिला कानपुर देहात के अंतर्गत आते अकबरपुर क्षेत्र के एक गांव में एक दलित को न सिर्फ पेड़ से बांधकर पीटा गया, बल्कि उसे अमानवीय यातनाएं भी दी गई, इसका सख्त संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने अपने चेयरमैन विजय सांपला के आदेशों पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर तुरंत जवाब मांगा है।

सोशल मीडिया (टिवट्र) के माध्यम से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को मिली शिकायत अनुसार जिला कानपुर देहात के रहने वाले एक दलित युवा को पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई की गई तथा उसके गुप्तांग पर डंडे से चोटें पहुंचाई गईं। आयोग को प्राप्त सूचना के अनुसार अकबरपुर क्षेत्र के एक गांव में युवती से मिलने पहुंचे प्रेमी को स्वजन व ग्रामीणों ने पकड़ लिया।

इसके बाद उसे पेड़ में गमछे से बांध दिया और डंडे से जमकर मारा, साथ ही तख्त पर भी लेटाकर पीटा। डंडे से उसके गुप्तांग पर वार किया गया। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने उत्तरप्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, उत्तरप्रदेश पुलिस के डीजीपी एवं कानपुर देहात के डीएम व एसएसपी को नोटिस जारी किया है। आरोपों/मामले में जांच कर एक्शन टेकन रिपोर्ट आयोग के समक्ष तुरंत फैक्स द्वारा या फिर ई-मेल द्वारा भेजने का निर्देश दिया है। सांपला ने कहा कि भारत के अनुसूचित वर्ग को देश के संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों को सुनिश्चित करना आयोग के चेयरमैन के नाते मेरा कर्तव्य है।

Home / Cities / Others / SC Commission seeks action taken report of Rewari rape case

**OTHERS**

## SC Commission seeks action taken report of Rewari rape case

Reacting to a notice sent by the National Commission for Scheduled Castes seeking action taken report in connection with the rape of a 10-year-old girl in Rewari, superintendent of police (SP) Abhishek Jorwal said he had already sent a detailed action report to Haryana DGP Manoj Yadava on July 20

# Notice to UP govt over brutal assault on Dalit youth

New Delhi: National Commission for Scheduled Castes took strong notice of inhuman act done with a Dalit in Sarwan Kheda Podari, district Kanpur Dehat, Uttar Pradesh. The Commission on the orders of its Chairman Vijay Sampla has issued notice to the Government of Uttar Pradesh.

As per the information / complaint received by NCSC via Social media (twitter) along with a video depicting brutality, a Dalit man allegedly beaten up and tied to a tree by family members of a woman for being in love with the latter in Kanpur Dehat district of Uttar Pradesh. The attackers also allegedly inserted a stick in the private part of the man. The incident, which took place on 7th of June, came to light after the video of the inhuman act went viral on social media on June 9th.

NCSC has issued notice to Chief Secretary and Director General of Police Uttar Pradesh along with District Magistrate & SSP Kanpur Dehat, asking them to submit immediately via return fax or through email, the facts and information on the action taken on the allegations / matter.

It is a shameless, brutal, inhuman and unpardonable act, said Sampla. "As Chairman I am duty-bound to secure the rights of Scheduled Castes and ensure that they get justice in all respects," added Sampla.

Sampla cautioned the officers that if action taken report is not received within the stipulated time, then Commission might exercise the powers of the civil courts conferred on it under article 338 of the constitution of India and issue a summons for personal appearance before the commission in Delhi.

## Fake email ID on name of Vijay Sampla: NCSC asks Delhi police to investigate

Chandigarh, Jul 24 (UNI) The National Commission for Scheduled Caste (NCSC) took strong notice of the creation of fake email ID of Commission Chairman Vijay Sampla and asked the Special Commissioner of Police, Crime Branch, Delhi, to investigate the matter at the earliest.

As per information, an unidentified man has created a fake Gmail account in the name of NCSC Chairman Vijay Sampla and is sending fake emails to the Commission members, using the email address: ceoboss120@gmail.com.

Many officials thought that the emails are being sent by the Chairman himself but this email ID does not belong to Sampla.

The Commission, on the orders of its Chairman Sampla, ordered the police to investigate the

## Sampla calls on VP, informs about NCSC's new initiative to provide justice to SCs

Chandigarh, Jul 22 (UNI) National Commission for Scheduled Castes (NCSC) Chairman Vijay Sampla made a courtesy call to Vice President M Venkaiah Naidu and informed him about the new initiatives being taken to ensure the speedy justice to Scheduled Castes.

Sampla, who had taken charge as the chairman of NCSC on February 24, this year, informed the Vice President that the newly launched online portal— Online Grievance Management Portal of NCSC —has made it easier for the complainants to register the complaints from any part of the country.

"The new portal is facilitating an end-to-end e-filing of complaints and grievances. Also, through the portal, the complainants can track their grievances solving requests. Finally, the portal is hearing the complaint on the similar lines of the e-courts", Sampla, former union minister and one of the prominent Dalit faces of the BJP in Punjab, said.

NATIONAL HERALD | नवजीवन | قومی آواز

Home News Democracy Investigation Cafe Young India Videos EYE ON RSS

NATIONAL

## Notice to UP govt over brutal assault on Dalit youth

**The National Commission for Scheduled Castes has sent a notice to the Uttar Pradesh govt, taking into cognizance an incident in which a Dalit youth was brutally beaten up after being tied to a tree**



## युवक की पिटाई पर यूपी को नोटिस

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने यूपी के कानपुर देहात अंतर्गत आने वाले अकबरपुर क्षेत्र के एक गांव में अनुसूचित जाति के एक युवक को पेड़ से बांधकर पीटने व अमानवीय यातनाएं देने के मामले का सख्त संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में यूपी सरकार को नोटिस जारी कर तत्काल जवाब मांगा है।

आयोग के अनुसार, चेयरमैन विजय सांपला ने कहा कि भारत के अनुसूचित जाति वर्ग को देश के संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों को सुनिश्चित करना आयोग के चेयरमैन के नाते उनका कर्तव्य है। सांपला ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन अफसरों को आयोग ने नोटिस जारी किया है अगर उन्होंने तुरंत जवाब नहीं दिया तो आयोग संविधान की धारा 338 के तहत मिली सिविल कोर्ट की शक्ति का उपयोग करेगा। इसके तहत संबंधित अफसरों को व्यक्तिगत तौर आयोग के आगे हाजिर होने के लिए समन जारी करेगा। आयोग ने यूपी सरकार से इस मामले में तत्काल जवाब मांगा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने यूपी सरकार के मुख्य सचिव, यूपी पुलिस के डीजीपी एवं कानपुर देहात के डीएम और एसएसपी को नोटिस जारी किया है।

### क्या है मामला

सोशल मीडिया (ट्विटर) के माध्यम से आयोग को मिली शिकायत के अनुसार, कानपुर देहात के एक गांव में अनुसूचित जाति का एक युवक एक युवती से मिलने पहुंचा। युवती के स्वजन व ग्रामीणों ने पकड़कर प्रेमी युवक को पेड़ में गमछे से बांध दिया। डंडे से जमकर मारा, साथ ही तख्त पर भी लेटाकर पीटा। डंडे से उसके गुप्तांग पर वार किया गया। घटना का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया।

Outlook
THE NEWS SCROLL

10 JULY 2021 Last Updated at 10:03 PM | SOURCE: PTI

## NCSC asks UP chief secy, police chief for action-taken report on Dalit man's assault in Kanpur Dehat

New Delhi, Jul 10 (PTI) Taking strong note of a recent brutal assault of a Dalit man in Kanpur Dehat district of Uttar Pradesh, the National Commission for Scheduled Castes (NCSC) has issued a notice to the state government and sought an action-taken report.

Commission chairperson Vijay Sampla has issued the notice to the UP chief secretary and the state police chief, along with the magistrate and the senior superintendent of police of the district, asking them to submit immediately the facts and information on the action taken in the matter.

The move comes after the NCSC came across a video on Twitter in which a Dalit man was purportedly seen tied to a tree and beaten up by family members of a woman he had a relationship with.

The attackers also allegedly inserted a stick in the victim"s private parts.

The incident took place on July 7, but it came to light after the video surfaced on social media two days later.

"It is a shameless, brutal, inhuman and unpardonable act," Sampla said.

"As chairman of NCSC, I am duty-bound to secure the rights of Scheduled Castes and ensure that they get justice in all respects," he added.

Sampla cautioned that if action-taken report was not received within the stipulated time, the commission might exercise powers conferred on it under Article 338 of the Constitution and issue summons to the officials for personal appearance before it in Delhi. PTI SKC IJT IJT

## ओटी में गंदगी देख भड़कीं आयोग की सदस्य

मल्लावां (एसएनबी)।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य की डॉ. अंजूबाला ने कस्बे की सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान ऑपरेशन थियेटर में गंदगी देखकर वह भड़क गईं। उन्होंने सीएमओ को ओटी समेत सीएचसी की साफ सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान आशाओं ने उनके सामने अपनी पीड़ा बयां की।

मंगलवार की दोपहर अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य डॉ. अंजूबाला यहां कस्बे की सीएचसी पहुंचीं। उन्होंने सबसे पहले कोविड वैक्सीनेशन कक्ष का जायजा लिया। वैक्सीनेशन के लिए लाइन में लगे और टीकाकरण करा रहे लोगों से पूछताछ की। लोगों ने कहा कि वह सब जागरूकता के चलते खुद ही टीकाकरण कराने आए हैं। इसके बाद वह लंबे समय से बंद पड़े आपरेशन थियेटर में पहुंचीं, जहां पड़े बेड पर फटी गंदी चादर और वासबेशिन पर गंदगी देखकर वह सीएमओ डॉ. सूर्यमणि त्रिपाठी पर भड़क गईं।

**सीएचसी में साफ-सफाई कराने के सीएमओ को दिये निर्देश**

**आशा बहुओं ने सुनाई अपनी पीड़ा**

उन्होंने सीएमओ को तत्काल सफाई कराए जाने के साथ ही फटी चादरों को बदलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने लेबर रूम का जायजा लेते हुए प्रसूताओं से हालचाल लिया। उन्होंने मौजूद आशाओं से संवाद किया। जिसमें शुक्लापुर की आशा माधुरी देवी ने कहा कि सीएचसी में शौचालय और पेयजल की समस्या है। साथ ही आशाओं को रात में रुकने के लिए कोई व्यवस्था न होने की बात कही। नयागांव की आशा कल्पना देवी कहा कि उन लोगों को तीन माह से मानदेय नहीं मिला है। जिस पर उन्होंने सीएमओ से वार्ता कर आशाओं की समस्या का समाधान कराए जाने की बात कही। सीएचसी में एक्सरे मशीन न होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि शासन में बात कर शीघ्र एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। आशाओं के उत्पीड़न पर उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कराई जाएगी, जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर एसडीएम अतुल श्रीवास्तव, एसीएमओ डॉ. सुशील कुमार, डॉ. संजय कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल जायसवाल, रजनी कांत, सुनील कुमार वर्मा, नीलमणि सिंह, सतेंद्र कुमार, सुखवासी, सीओ विशाल यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



हरदोई : सीएचसी में निरीक्षण करतीं आयोग की सदस्य डॉ. अंजू बाला। फोटो : एसएनबी

### सभासद ने सौंपा ज्ञापन

मल्लावां। पालिका के नामित सभासद नंदकिशोर गुप्ता ने डा. अंजूबाला को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि कस्बे के भगवंतनगर में जर्जर महिला अस्पताल में चिकित्सक व फार्मसिस्ट की तैनाती है। भवन काफी जर्जर है। जिसमें कभी भी हादसा हो सकता है। उन्होंने महिला अस्पताल के नए भवन के निर्माण कराए जाने की मांग की। वहीं इसरापुर के ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि उनके गांव में न्यू पीएचसी है। इसके भवन की लगभग 3 साल से रंगाई पुताई नहीं की गई और डाक्टर भी नहीं आ रहे हैं, जिससे रोगियों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।

ETV भारत | उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh

PARAMOUNT
Thinking of Flat? Think Villa!
READY-TO-MOVE-IN VILLAS RS. 1 CRORE* ONWARDS

HOME / BHARAT / NCSC CHAIRMAN VIJAY SAMPLA EXPRESSES CONCERN OVER CRIMES AGAINST THE DALITS

## दलित अत्याचार पर सांपला की अपील, महापुरुषों की शिक्षाओं का पालन करें लोग

Published on: Jul 13, 2021, 7:26 PM IST|Updated on: Jul 13, 2021, 7:59 PM IST



राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला का कहना है कि देशभर में दलितों के खिलाफ अपराध बढ़े हैं. इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुषों ने हमें प्रेम, शांति और भाईचारे के साथ रहना सिखाया है, इसलिए हमें उनकी शिक्षाओं का पालन करना चाहिए. दिल्ली में ईटीवी भारत के संवाददाता मोहम्मद तौसीफ ने विजय सांपला से खास बातचीत की...

नई दिल्ली : राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) के अध्यक्ष विजय सांपला (Vijay Sampla) ने दलितों के खिलाफ अपराध की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है. ईटीवी भारत से खास बातचीत में विजय सांपला ने कहा, देशभर में दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और यह अच्छा संकेत नहीं है.


*Representative image*

## NCSC asks Andhra govt to submit details about action taken over Christian conversions among SCs

ANI | Updated: Jul 23, 2021 06:19 IST

New Delhi [India], July 23 (ANI): The National Commission for Scheduled Castes (NCSC) on Thursday asked Andhra Pradesh Chief Secretary to submit information on large scale religious conversions of SCs into Christianity in the state within 15 days.

# सोशल मीडिया में आयोग


(36) Home / Twitter
Twitter Analytics account overvie
https://analytics.twitter.com/user/NCSC_GoI/home
Apps
Agoda.com
Imported From IE
Bookmarks
Reading
Paused
Analytics
Home
Tweets
More
National Commission for Schedu...
Sign up for Twitter Ads
Account home
National Commission for Scheduled Castes @NCSC_GoI
Page updated daily
28 day summary with change over previous period
Tweets
64 ↓14.7%
Tweet impressions
69.5K ↓15.9%
Profile visits
17.4K ↓21.1%
Mentions
2,425 ↓5.9%
Followers
3,182 ↑456
Jul 2021 • 26 days so far...
TWEET HIGHLIGHTS
Top Tweet earned 1,515 impressions
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय सदस्या डॉ अन्जू बाला जी ने आज दिनांक 11.07.2021 को गोरखपुर मण्डल के समस्त जिला समाज अधिकारियों से अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संचालित विभागीय योजनाओं की प्रगति विवरण पर समीक्षा बैठक कर चर्चा की। @anjubalabjp #NCSC #Gorakhpur pic.twitter.com/MiiCrLzf36
Top mention earned 2,927 engagements
Dilip Mandal
@Profdilipmandal · Jul 6
इस मामले में तथ्यों की तत्काल जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए. मुन्ना पासवान के साथ न्याय किया जाए. टूटे घर का मुआवजा शासन को देना चाहिए.
@dgpup @azamgarhpolice @NCSC_GoI
ADVERTISE ON TWITTER
Get your Tweets in front of more people
Promoted Tweets and content open up your reach on Twitter to more people.
Get started
JUL 2021 SUMMARY
Instagram
Search
Log In
Sign Up
ncsc_goi
Follow
162 posts
65 followers
5 following
NCSC
Official handle of National Commission for Scheduled Castes. For registering complaints, please write to us at complaint@ncsc.gov.in
ncsc.nic.in
POSTS
TAGGED
NCSC GRIEVANCE MANAGEMENT PORTAL
Bharat Ratna Dr. B R Ambedkar
April 14th, 2021
National Commission for Scheduled Castes
@NCSC.GoI · Government organisation
Learn More
ncsc.nic.in
Home
Reviews
Videos
Photos
More
Like
Albums
See All
Timeline Photos
368 items
Mobile Uploads
279 items
Cover photos
3 items
Profile pictures
2 items

# दिल्ली आयोग मुख्यालय में सुनवाई की एक झांकी







## National Commission For Scheduled Castes

**5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,**
**New Delhi-110 003**